श्री एस.एस.अहलुवालिया: अध्यक्ष महोदय, बिहार के 28 शहरों को जो श्रेणी दो में आते हैं । सेन्सस ऑफ इंडिया 1991 के अनुसार,उनको इस कार्यक्रम के अंतर्गत लिया गया हैं । अगर सदस्य महोदय चाहें तो मैं नाम पढ़ कर सुना देता हूं ।

श्री जनार्दन यादव: मैंने पूछा कि कितने लोगों को ?

श्री एस.एस.अहलुवालिया: यह तो 28 शहरों में गरीबी रेखा के नीचे जो लोग रहते हैं,उनको इस का लाभ प्राप्त होगा ।

श्री जनार्दन यादव: कितने लोगों को?

श्री एस.एस.अहलुवालिया: 28 शहरों में ...(**व्यवधान**)...

श्री जनार्दन यादव: 28 शहरों में कितने लोगों को लाभ हुआ ? ...(**व्यवधान**)....

श्री ए.एस.अहलुवालिया: नवम्बर के महीने में लागू की गई थी और उसमें एक प्रावधान था कि जिन राज्यों में स्थानीय निकायों के चुनाव नहीं हुए हैं,वैसे स्थानों को नहीं दिया जाएगा । बिहार के बारे में उसके बाद निर्णय लिया गया और अभी तक वहां कितने इसके बेनीफिशरी होंगे इसकी लिस्ट बिहार से नहीं भेजी गई हैं ।

MR. CHAIRMAN: The Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Persons Suffering from AIDS

*45. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the total number of men and women in the country, particularly in Gujarat having symptoms of AIDS;

(b) the details of special schemes formulated so far to check AIDS: and

(c) the amount proposed to be spent on the said schemes?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE, MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI A.R. ANTULAY): (a) As on 31st January, 1996, 1730 men and 582 women have been reported as AIDS cases. Of these 18 men and 7 women are from Gujarat State.

(b) and (c) a comprehensive National AIDS Control Programme is currently under implementation throughout the country including Gujarat State. The Programme is being funded by World Bank soft loan of US $ 84 million (Rs. 222.6 crores) during the period 1992—97. The strategies to combat AIDS consist of strengthening programme management, generation of awareness amongst risk behaviour groups and the general public, control of STDs, condom promotion, blood safety and rational use of blood and better facilities for surveillance, diagnosis and management of HIV/AIDS

Proposal to Privatise Tourism Industry

*46. SHRI T. . VENKATRAM REDDY:
SHRI G. PRATHAPA REDDY:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Governmet propose to privatise Tourism Industry;

(b) if so, the details thereof; and

(c) by when a final decision is likely to be taken in this regard?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (c) The major components of the tourism industry like hotels and travel operations are now primarily in the private sector. The Government of India has taken many steps to motivate additional private sector investment in the building up of tourism infrastructure. These include incentives and concessions for private sector investment and motivating the State Government to prepare investment plans. The Government of India has also created a Special Investment Cell in the

Department of Tourism for Coordination of these activities.

Besides, disinvestment of shares of the India Tourism Development Corporation has taken place to a limited extent.

एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस को विमान दुर्घटनाओं के कारण हुआ घाटा

*47. **श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस को वर्ष 1991-92 से 1994-95 के दौरान हुई विमान दुर्घटनाओं के कारण मुआवजे के रूप में कितनी राशि का भुगतान करना पड़ा तथा इन कंपनयों को विमान नष्ट हो जाने के कारण कितना घाटा हुआ;

(ख) दोनों विमान कंपनियों को विमानों के बीमे की कितनी राशि प्राप्त हुई और कितनी राशि अभी प्राप्त की जानी हैं;और

(ग) विमान दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु,आशक्तता और वित्तीय हानि तथा यात्रियों को हुई असुविधा से संबंधित उन मामलों का ब्यौरा क्या हैं,जो 31 जनवरी,1996 तक न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता संरक्षण परिषदों में लंबित पड़ हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): (क) और (ख) 1991-92 से 1994-95 तक की अवधि में एयर इंडिया के विमानों की कोई दुर्घटनाएं नहीं हुई ।

विमान दुर्घटनाओं के कारण इंडियन ने सन् 1991 से 1995 के दौरान 5.3 करोड़ रूपह की राशि का मुआवजे के रूप में भुगतान किया हैं ।

विमान नष्ट होने के फलस्वरूप इंडियन एयरलाइंस को कोई हानि नहीं हुई क्योंकि इसके बेड़े के सभी विमानों का पूरी तरह से बीमा किया हुआ हैं तथा बीमा कंपनियों द्वारा इंडियन एयरलाइंस को पूरी क्षतिपूर्ति कर दी जाती हैं । 1991-92 से 1994-95 की अवधि में बीमा कंपनियों से इंडियन एयरलाइंस को 80 मिलियन अमरीकी डालर(तत्कालीन विनिमय दरों पर 219.50 करोड़ रूपह के बराबर) प्राप्त हुए ।

(ग) 31 जनवरी,1996 की स्थिति के अनुसार,विमान दुर्घटनाओं के कारण हुई मृत्यु,अपंगता तथा वित्तीय क्षति तथा यात्रियों को हुई असुविधा के संबंध में दावों के 55 मामले विभिन्न अदालतों/अधिकरणों तथा उपभोक्ता संरक्षण परिषद में लंबित हैं ।

Wonder Cure for Cataract

*48. SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that certain doctors of Bangalore have discovered a wonder cure for Cataract;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government propose to provide that treatment in all the Government hospitals of the country; and

(d) if so, the details thereof; and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE & MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI A. R. ANTULAY): (a) and (b) It has been reported that some doctors from Bangalore have presented the results of their work in a Conference using a machine in which laser has been used to fragment lens nucleus and remove cataract in place of ultra-sound phacoemulsification which has a very marginal advantage over the conventional cataract surgery.

(c) and (d) Since the method has not been scientifically evaluated and accepted universally, it is too early to think of adopting the technique in government hospitals.

यौन संबंधों के कारण होने वाले रोगों की रोकथाम

*49. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल**: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान यौन संबंधों के कारण होने वाले संक्रामक रोगों के संबंध में "यूनीसेफ" द्वारा किए गए अध्ययन की ओर दिलाया गया हैं;